नीति का गैर-भेदभाव वक्तव्य (Nondiscrimination Statement of Policy)

प्रादेशिक और संघीय नागरिक अधिकार कानून का अनुपालन करते हुए सैंटा क्लाराघाटी परिवहन एजेंसी (VTA) सुनिश्चित करती है कि किसी भी व्यक्ति को नस्ल, रंग, धर्म, राष्ट्रीय उत्पत्ति, नृजातीय समूह की पहचान, धर्म, उम्र, विकलांगता, लिंग, लिंगी रुझान या आनुवंशिक सूचना के आधार पर VTA द्वारा प्रबंधित सभी कार्यक्रमों, सेवाओं या कार्यकलापों में भाग लेने से रोका, लाभों या सेवाओं से इनकार नहीं किया जाएगा या भेदभाव नहीं किया जाएगा।

विकलांगता ग्रस्त अमरीकी अधिनियम के अंतर्गत सूचना (Notice under the Americans with Disabilities Act)

सैंटा क्लाराघाटी परिवहन प्राधिकरण एजेंसी (Santa Clara Valley Transportation Agency)

विकलांगता ग्रस्त अमरीकी अधिनियम ("ADA") की अपेक्षाओं के अनुरूप सैंटा क्लाराघाटी परिवहन एजेंसी अपनी सेवाओं, कार्यक्रमों या कार्यकलापों में विकलांगता के आधार पर विकलांग योग्य व्यक्तियों के ख़िलाफ़ किसी तरह का भेदभाव नहीं करेगी।

रोज़गार: VTA विकलांगता के आधार पर काम पर रखने या नौकरी देने की अपनी प्रक्रिया में भेदभाव नहीं करती और यूएस समान रोजगार अवसर आयोग द्वारा बनाए सभी विनियमों का पालन करती है।

प्रभावी संचारः VTA आम तौर पर अनुरोध करने पर योग्य विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रभावी संचार प्रदान करने वाले उपयुक्त सहायक उपकरण और सेवाएं प्रदान करेगी ताकि वे VTA के कार्यक्रमों, सेवाओं और कार्यकलापों में समान रूप से भाग ले सकें जिसमें क्वालिफाइड साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स, ब्रेइल लिपि में दस्तावेज़ और बोलने, सुनने और देखने की क्षमता से हीन व्यक्तियों के लिए सूचना सुगम बनाने वाले दूसरे साधन शामिल हैं।

नीतियों और कार्य-प्रणालियों में संशोधन: यह सुनिश्चित करने के लिए कि विकलांग लोगों को उसके सभी कार्यक्रमों, सेवाओं और कार्यकलापों का आनंद लेने का समान अवसर मिल सके, VTA अपनी नीतियों और कार्यक्रमों में सभी तर्कसंगत संशोधन करेगी। उदाहरण के लिए, सेवा देने वाले पशुओं वाले व्यक्तियों का VTA के वाहनों, परिवहन सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यालयों में स्वागत है, हालांकि आम तौर पर पालतू जानवरों के लिए पाबंदी रहती है।
ऐसे व्यक्ति को जिसे प्रभावी संचार के लिए अतिरिक्त सहायक उपकरण की या VTA के किसी कार्यक्रम, सेवा या कार्यकलाप में भाग लेने के लिए नीतियों या कार्य-प्रणालियों में संशोधन की जरूरत है; यहाँ संपर्क करना चाहिएः
ADA समन्वयकर्ता (ADA Coordinator)
Office of Diversity and Inclusion
3331 North First Street, B1
San Jose, CA 95134
(408) 321-2300
www.vta.org

कृपया ADA समन्वयकर्ता से यथाशीघ्र संपर्क करें लेकिन नियत ईवेंट से 72 घंटे से पहले से अधिक देर से नहीं।
ADA, VTA से ऐसी कोई कार्रवाई करने की अपेक्षा नहीं करता जो उसके कार्यक्रमों, सेवाओं या कार्यकलापों को मौलिक रूप से बदल देगी या कोई अवांछित वित्तीय या प्रशासनिक बोझ डालेगी।
यह शिकायत VTA के ADA समन्वयकर्ता को भेजी जानी चाहिए कि VTA का कोई कार्यक्रम, सेवा या कार्यकलाप विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ नहीं है (संपर्क सूचना ऊपर दी गई है)।

VTA अतिरिक्त सहायक उपकरण/सेवाएं या उन जगहों से जो आम जनता के लिए खुली होती हैं लेकिन व्हील चेयर का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए सुगम नहीं होती; वस्तुएँ लाकर देने जैसे नीतिगत बदलावों की लागत वसूलने के लिए किसी विकलांग व्यक्ति विशेष या विकलांग व्यक्तियों के समूह पर अधिभार नहीं लगाएगी।